p>

Title: Regarding inquiry of alleged fraud by Sai Group of Companies to the investors in Banswada-Dungarpur in Rajasthan.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): अध्यक्ष महोदय, मैं भी बहुत देर से यहां बैठा हूं, लेकिन मैंने यह तय किया था कि माननीय अध्यक्ष जी लास्ट में भी बुलाएंगे, तो मैं बोलूंगा । आपने मुझे बोलने के लिए परमिशन दी है, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार ।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बांसवाड़ा-डूंगरपुर (राजस्थान) सहित देश भर के लाखों लोगों के साथ सांई ग्रुप ऑफ कम्पनी रजिस्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई ठगी एवं धोखाधड़ी की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । सांई ग्रुप ऑफ कम्पनी रजिस्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड की 4 कंपनियों द्वारा हजारों बेरोजगार लोगों को नौकरी का झांसा देकर उन्हें कंपनी में एजेंट बनाया गया । इस कंपनी ने भोली-भाली जनता से छल-कपट किया और उन्हें लुभावने ऑफर देकर अकेले राजस्थान में ही लगभग 300 करोड़ रुपये बेईमानी से जमा करवा लिया । कंपनी ने परिपक्वता की अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी पुनर्भुगतान नही किया । यह कंपनी हमारे क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय को बंद करके चली गई है । इस बैंक में जो पैसा जमा हुआ था, वह सील हो गया है । हमारे क्षेत्र के हजारों निवेशकों सहित देश भर के लाखों लोगों ने अपने जीवन भर की कमाई इस बैंक में जमा किया था । उन्होंने मकान बनाने, बच्चों को पढ़ाने तथा शादी करने के लिए पैसा जमा किया था, किंतु इस प्रकरण के पश्चात कई लोग आत्महत्या भी कर चुके हैं और कई लोग आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि सांई ग्रुप ऑफ कम्पनी रजिस्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड के

खिलाफ जांच करवाकर और इसमें शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर बांसवाड़ा-डूंगरपुर (राजस्थान) सहित देश भर के हजारों निवेशकों को उनका जमाधन वापस लौटाने की कृपा करें ।